प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

करौली । गांव गावडी मीना में चल रहें माटीकला कामगारों दस्तकारो के 10 दिवसीय इलेक्ट्रिट पोटर व्हील प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टॉक ने कारीगरों को प्रमाण पत्र भेट किए। साथ ही शिविर निरिक्षण के दौरान कारीगरी में दक्षता का अभाव देखकर मौके पर नाराजगी जताई।

कार्यक्रम संयोजक लोकेश प्रजापत ने बताया कि माटीकला कामगारों दस्तकारो के 10 दिवसीय इलेक्ट्रिट पोटर व्हील प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें कौशल प्रशिक्षण दिया गया। बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टॉक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से माटी कला विकास के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये कारीगरों की आजीवका के नए स्त्रोत बनेंगे। करौली विधायक दर्शन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि माटी कला बोर्ड के सहित राज्य सरकार द्वारा प्रजापत समाज कल्याण के प्रयास किए जा रहे हैं श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित शिविर में प्रशिक्षण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर अच्छी कस्तकारी से नाम रोशन करने की अपील की इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधी नाहर सिंह, बोर्ड के मीडिया प्रभारी गुरुजंत सिंह सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पीएनबी बैंक में हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी। हिण्डौन की पंजाब नेशनल बैंक से 10 लाख 75 हजार रुपए की लूट की वारदात को अंजाम देने के दोनो आरोपियों को नई मंडी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटी गई राशि, हथियार एवं बाइक को जल्द बरामद करने की बात की है।

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए करीब 550 सीसीटीवी कैमरे

- **आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए करीब 550 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ 50 से अधिक संदिग्ध आरोपियों से गहन पूछताछ की**

खंगालने के साथ 50 से अधिक संदिग्ध आरोपियों से गहन पूछताछ की एवं एआई तकनीक का भी प्रयोग किया था।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस उपाध्यक्ष कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 10 जनवरी को शाम करीब 4:00 बजे हिण्डौन की पंजाब नेशनल बैंक की रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित शाखा में दो नकाबपोश बदमाश घुसे और पिस्तौल की नोक पर 1075100 की राशि लूटकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद करीब 550 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, 50 से अधिक संदिग्ध आरोपियों से गहन पूछताछ की। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों की पहचान स्पष्ट नहीं होने के कारण पुलिस ने जिले में पहली बार एआई तकनीक का उपयोग किया। आरोपियों के चेहरे कुछ हद तक स्पष्ट हो पाए। जिला स्पेशल टीम के अलावा एएसपी सत्येंद्र पाल, डीएसपी गिरधर सिंह एवं नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन के अलावा पुलिस की करीब आठ टीमें अलग-अलग स्थान पर आरोपियों की तलाश में जुटी रही। आरोपियों की गिरफ्तारी में हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह एवं कांस्टेबल जोगेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

हिण्डौन की पीएनबी से 10 लाख 75 हजार रुपए की लूट करने के आरोपी पकड़े।

बताया जा रहा है की इन दोनों को जरिए मुखबिर आरटीओ के बारे में सूचना मिली जिस पर इन्होंने गहनता से और सक्रियता से काम काम किया। इस सुराग पर पुलिस की टीमों ने काम किया और इसके बाद आरोपी ओमप्रकाश गुर्जर निवासी कामर पहाड़ी थाना महुआ जिला दौसा एवं विष्णु कोली निवासी धोलेटा थाना नादौती जिला करौली को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि आरोपियों से की गई पूछताछ के आधार पर जल्द ही लूटी गई राशि, उपयोग में ली गई पिस्टल एवं मोटरसाइकिल को भी बरामद किया जाएगा। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ करने में जुटी है।

रक्तदान शिविर के पोस्टर विमोचित

हिंडौन सिटी । अखिल भारतीय श्री जैन रत्न युवक परिषद हिंडौन सिटी द्वारा सामायिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक पूज्य गुरुदेव 1008 श्री हस्तीमल जी महाराज साहब का 115 जन्म जयंती के अवसर पर 10 वा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। यह विशाल रक्तदान शिविर श्री जैन रत्न युवक परिषद एवं श्री जैन पालीवाल पीतांबर मूर्ति पूजा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा हैं जिसके बैनर एवं पोस्टर का विमोचन राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर पप्पू राम कोली ने अपने व्यक्तव्य में समाज में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रक्त दान करने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर के संयोजक वर्धमान जैन जैन ने बताया कि श्री जैन रत्न युवक परिषद एवं श्री जैन पल्लीवाल सितंबर नवी क चैरिटेबल ट्रस्ट हिंडौन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा यह दसवां विशाल रक्तदान शिविर है। श्री जैन रत्न युवक परिषद के अध्यक्ष डॉ रीतेश जैन ने बताया कि जैन स्थानक नई मंडी हिंडौन सिटी में दिनांक 19 जनवरी 2025 को इस रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रावक संघ हिंडौन के मंत्री सुमत जैन, विजय कुमार जैन,नरेंद्र जैन, आदित्य जैन, , जितेंद्र जैन भगवान सहाय जैन एडवोकेट,गौरव जैन संदीप एवं नवयुवक मंडल के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सार-समाचार

55 ग्राम स्मैक की बरामद

करौली । करौली पुलिस ने स्मैक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दंपती सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने आरोपियों से 55 ठाम स्मैक, 2 लाख 62 हजार 250 रुपए और एक स्विफ्ट कार जब्त की है। डीएसटी टीम प्रभारी धारा सिंह को मुखबिर से सूचना मिली। इस पर टीम ने सलेमपुर चैकी पर नाकाबंदी कर एक स्विफ्ट कार को रोका और तलाशी के दौरान स्मैक बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में सपोटरा के कांवटी निवासी रेशम मीना 32,उसका पति धनराज मीणा 36, पुरुषोत्तम उर्फ नरकटा 40 और गोलू पाकड 21 शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि धनराज लंबे समय से अपनी पत्नी रेशम और छोटे बच्चे को साथ लेकर झालावाड़ से स्मैक लाता था। इस तरह वह पुलिस के रडार से बचता रहा। जांच में पता चला कि धनराज अपनी पत्नी से स्मैक लेकर पुरुषोत्तम उर्फ नरकटा और अन्य साथियों के माध्यम से छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर सपोटरा, कुड़गांव,करौली और गंगापुर सिटी क्षेत्र में सप्लाई करता था। कार्यवाही में कुड़गांव थाना अधिकारी रुक्मणी गुर्जर और नारौली डांग चैकी प्रभारी अबजीत कुमार शामिल रहे पुलिस आरोपियो से स्मैक कि खरीद फरोक्त के बारे मे पूछताछ कर रही है।

भरतपुर और डीग के पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया

भरतपुर (निस)। मंगलवार को एक्स सर्विसमैन रैली का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि रैली में मेजर अभय निगम ने मंच का संचालन किया। डिप्टी कमांडर कर्नल कमल गौतम 786 ब्रिगेड की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कर्नल केवीएस ठेनुआ ने भरतपुर और डीग के पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया जिसमें सीएसडी, ईसीएचएस और अन्य समस्याओं को सामने रखते हुए 3 या 6 महीने में ऐसे कार्यक्रम करने का अनुरोध डिप्टी कमांडर से किया। सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह ने सैनिक कल्याण बोर्ड के द्वारा होने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला और पूर्व सैनिकों को उसका स्टेप वाय स्टेप कार्य करने का तरीका समझाया। ईसीएचएस अधिकारी कर्नल विजय सिंह ने ईसीएचएस के बारे में बताया और भविष्य में ईसीएचएस में हो रहे बदलाव के बारे में समझाया और बताया कि शीघ्र ही डाक्टर से परामर्श घर पर होगा और दवाएं भी घर बैठे प्राप्त कर पाओगे साथ ही ऑन लाइन ईसीएचएस एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए सभी पूर्व सैनिकों से आठाह किया और केंद्र सरकार की सेहत योजना पर प्रकाश डाला। रैली में भरतपुर और डीग जिले की सभी तहसीलों से तहसील अध्यक्षों की अगुवाई में सैन्य वाहनों से पूर्व सैनिक एवं वीर नारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने पेंशन और रिकॉर्ड से संबंधित जो भी समस्याएं थी उनका निराकरण करने के लिए उनकी समस्याओं को बने हुए काउंटरों पर नोट कराया।

मानदेय कर्मियों की क्षमतावद्धर्न एवं कौशल वृद्धि का कार्य किया जाएगा

भरतपुर (निसं)। राजस्थान सरकार की नवाचार पहल के अन्तर्गत जिले में आंगनबाडी केन्द्रों पर कार्यरत मानदेयकर्मियों, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए पीएनबी ठामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भरतपुर के साथ मिलकर एक नई पहल ''कुशल आंगनबाडी'' शुरू की गई है। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि नवाचार के तहत आरसेटी द्वारा मानदेयकर्मियों की क्षमतावद्धर्न एवं कौशल वृद्धि हेतु पूर्णतया निःशुल्क लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। उक्त कार्यक्रम हेतु मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग भरतपुर एवं पीएनबी ठामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भरतपुर के मध्य एमओयू किया गया। उपनिदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रशिक्षणार्थियों के लिए पात्रता सुनिश्चित की गई है जिसके तहत नई पहल कुशल आंगनबाडी के अन्तर्गत प्रशिक्षण केवल आंगनबाडी केन्द्रों पर कार्यरत मानदेयकर्मियों को ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अनिवार्य न होकर पूर्णरूप से स्वेच्छिक होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षिणार्थी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षण से समेकित बाल विकास सेवाओं की किसी भी सेवा में बाधा उत्पन्न नहीं होगी, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार का भत्ता, स्टाई फण्ड नहीं दिया जाएगा। आवेदन पत्र प्रशिक्षणार्थी को संबंधित महिला पर्यवेक्षक के माध्यम से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यलय में जमा कराना होगा।

1100 शॉल व कम्बल वितरण किये

भरतपुर (निसं)। मकर संक्रान्ति एवं वीर शिरोमणि राजा खैमकरण सोगरिया की 356वीं जन्म जयंती के शुभ अवसर पर जाट चेतना मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह अनौखी द्वारा सर्वप्रथम सुबह गायों को 356 किलोठाम चारा व गुड, अखड़ु चौराहे पर खिलाया गया। विधायक डीग-कुम्हेर डॉ. शैलेष सिंह के साथ राजा खैमकरण की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक व फूल मालाओं से माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ. शैलेष सिंह ने कहा कि राजा खैमकरण न केवल सोगरिया समाज बल्कि सर्व समाज के राजा थे। उन्होंने हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को उनके पदचिंहों पर चलने के लिये प्रेरित किया एवं राजा खैमकरण जयंती व मकर संक्रान्ति की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जाट चेतना मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह के द्वारा ठाम जघीना व भवनपुरा में 1100 शॉल व कम्बल वितरण किये गये तथा ठाम पंचायत जघीना के सभी मंदिरों पर खाद्य सामठी व कम्बल वितरित किये। इस मौके पर जाट चेतना मंच के सचिव लोकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष योगेश सिंह, महामंत्री शिवराम सिंह, संदीप सिंह, बलवीर सिंह, लोकेश डागुर, देवेन्द्र सिंह फौजी, कुंवरपाल सिंह, राजवीर सिंह, सुरेश मुखिया, विजेन्द्र सिंह, मान सिंह, शिव सिंह एवं समस्त ठाम पंचायत जघीना के नागरिक उपस्थित रहे।

पौष बड़ा प्रसादी का वितरण

करौली । करौली के प्रसिद्ध मदन मोहन मंदिर में राधा मदन मोहन शयन आरती भक्त मंडल द्वारा एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार की संध्या को मंदिर में गोपाल सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संध्या आरती से लेकर शयन आरती तक पंडित शिवजी प्रसाद शास्त्री के नेतृत्व में भक्तों ने सामूहिक रूप से गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ कर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच 5 क्विंटल से अधिक पौष खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।शयन आरती भक्त मंडल के जयंत शर्मा ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार किया गया। सहस्त्रनाम पाठ के उपरांत भगवान मदन मोहन की संध्या आरती के साथ प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ,जो शयन आरती तक निरंतर चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की काका, मन्नु, हेमेन्द्र, विजय, नीरज, विक्की, नकुल, भागीरथ सहित अनेक भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भामाशाह ने जर्सी व कम्बल बांटे

श्रीमहावीरजी। समीप के गॉव किरवाडा मे मंगलवार मकर सक्रान्ती के पावन अवसर पर प्रातः दस बजे क्षेत्रिय भामाशाह एव लोक प्रिय समाजसेवी श्री राममोहन मीना व उनके सुपुत्र क्राठोस पार्टी जिला कोषाधिकारी बलराम मीना द्वारा अपने गॉव किरवाडा मे सभी विद्यालयो कि छात्र छात्राओ एव असहाय गरीव जरूरतमंद महिला व पुरुषो को जर्सी व कम्बल वितरण कर सभी से सर्दी के इस मौसम मे सुरक्षित रहने कि अपील कि इस पावन अवसर पर क्षेत्रिय ठामीण रामौतार पटेल ने बताया कि लगभग भामाशाह द्वारा यह प्रेरणा डेढ दसक संचालित है यही नही जिन बच्ची यो के मॉ बाप गरीव हो या वेसहारा हो उनकी शादी समारोह मे भी भामाशाह द्वारा सदैव सहयोग किया जाता है इस मौके पर हरकेश मीना कन्नुराम संजय शर्मा राहुल मीना गोलु आंदि मौजूद रहे।

नरेन्द्र चैधरी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

करौली, (निं.सं.) बिहार के दरभंगा में आयोजित हुए सम्मान समारोह में करौली के कृष्णा कॉलोनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूरसिंह चैधरी के पुत्र नरेन्द्र चैधरी को पिछले 8 वर्षों से गरीब,असहाय,जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर रक्त उपलब्ध कराकर लोगों का जीवन बचाने का काम करते आ रहे हैं और साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं।

वर्ष 2017 से समाज सेवा से जुड़कर उन्होंने रक्तदान, वृक्षारोपण, शराबबंदी आंदोलन, कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों को भोजन पहुंचाया, कोरोना महामारी में कई सारे वैक्सीनेशन कैंप आयोजित कर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया और साथ ही कई बार ईमानदारी का परिचय दिया है। इसके लिए उन्हें मिथिला दरभंगा बिहार दलान रिजॉर्ट सोनकी में आयोजित 2 दिवसीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लिया। और उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए यह राष्ट्रीय सेवारत्न सम्मान से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद, राष्ट्रीय महासचिव दीपक कुमार महथा, कोषाध्यक्ष रंजीत श्रीवास्तव,अध्यक्ष राकेश रंजन के हाथों से स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा,हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश,पश्चिम बंगाल,बिहार आदि राज्यों के 150 रक्तवीरों और समाज सेवियों का उनके किए जा रहे समाज सेवा के लिए उनका सम्मान किया गया।

कैलेंडर जारी किया

भरतपुर (निस)। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वे जन्म शताब्दी वर्ष पर महिला समन्वय भरतपुर द्वारा अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित कैलेंडर जारी किया गया। विभाग संयोजिका सोनिला गौड़ ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन का भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। देश में धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए अहिल्याबाई ने सराहनीय प्रयास किए। उन्होंने बद्री धाम, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारिका, वृंदावन पुष्कर, देवप्रयाग, काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश में मंदिरों का निर्माण और पुनर्निर्माण करवाया। देवी अहिल्याबाई का निष्ठावान और कर्तव्य परायण चरित्र महाराष्ट्र ही नहीं अभी तो पूरे देश में लोकप्रिय है।

प्रयागराज महाकुंभ में गूंजे बालाजी महाराज के जयकारे

मेहंदीपुर बालाजी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी के पीठाधीश्वर महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने प्रयागराज के पवित्र संगम पर प्रातःकाल ढोल-नगाड़ों की गूंज और बालाजी महाराज के जयकारों के बीच शाही स्नान किया। इसमें अनेकों साधु-महात्मा, नागा साधु और भक्तों ने भी भाग लिया। महंत महाराज ने इस पावन दिन पर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

- **महंत नरेशपुरी महाराज ने किया शाही स्नान**
- **सेवा शिविर में श्रद्धालुओं को प्रतिदिन हो रहा निःशुल्क भोजन वितरित**

साथ ही बालाजी महाराज से सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखने की कामना की। 144 वर्ष बाद बना अद्भुत योग : महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज ने भक्तों को बताया कि 14 जनवरी के दिन मकर संक्रांति का पर्व 144 वर्षों बाद एक दुर्लभ खगोलीय संयोग लेकर आया है। इस दिन सूर्य और अन्य ठाहों की विशेष स्थिति ने इसे अत्यंत शुभ और कल्याणकारी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर संगम में स्नान करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति और पुण्य की प्राप्ति होती है। महंत जी ने शाही स्नान के बाद तिल के लड्डू, दक्षिणा और गर्म कंबलों का वितरण कर पुण्य कार्य किया। उन्होंने अपने सेवा, दान और परोपकार के महत्व को समझाते हुए भक्तों को भक्ति और सद्भावना का संदेश दिया। इस दौरान महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज ने हाल ही में 13 जनवरी 2025 को मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर का भी उद्घाटन किया। महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में चल रहे सेवा शिविर में प्रतिदिन सुबह का नाश्ता और दोनों समय का भोजन प्रसादी के रूप में निशुल्क वितरण किया जा रहा है। यह शिविर बालाजी महाराज की कृपा से ज़रूरतमंदों की सहायता और समाज में भक्ति की भावना को बढावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

मकर संक्रांति पर्व पर दिनभर चला दान पुण्य का दौर

करौली । करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ठामीण क्षेत्रों में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर दिनभर दान पुण्य का दौर चला।

मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर प्रातः ही लोगों ने स्नान कर मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन लाभ लेते हुए अपने परिवार कि खुशहाली की मनौती मांगी बनी महिलाओं ने भगवान कि पूजा अर्चना कर घर पर आने वाले जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े,तिल से बनी मिठाइयां आदि का दान किया वहीं करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर संचालित श्रीराधा मदन मोहन निःशुल्क भोजन शाला में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करौली पुलिस

- **मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर प्रातः ही लोगों ने स्नान कर मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन लाभ लेते हुए**

उपाधीक्षक अनुज शुभम एवं नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष कमलेश कुमारी उपस्थिति रही इस दौरान सैकड़ो की संख्या में गरीब, असाहय, वृद्ध, जरूरतमंद लोगों को खीर,पुडी,पुआ, तिल के लड्डू,दाल के मंगोड़े आदि कि प्रसादी ठाहण कराते हुए उन्हें गर्म कपड़े,टोपा,मौजा, सॉल आदि वितरित किए इस दौरान भोजन 'ाला समिति के अध्यक्ष ओम प्रका'ा जिंदल, संरक्षक मूलचन्द गुप्ता, संयोजक प्रहलाद सिंहल,मत्री मनोज सनेटिया, सदस्य राजू सिंहल, अमर सिंह तॅवर, रूपसिंह,बंटी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे वही नई सब्जी मंडी में संचालित मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजन शाला पर समिति के अध्यक्ष बाला साहब, टीकाराम मीणा, डॉ. प्रकाश व्यास,बबलू शुक्ला, ललित हरदैनिया आदि लोगों ने गरीब लोगों को भोजन कराते हुए उन्हें कंबल वितरित किए इसके अलावा करौली शहर के भूडारा बाजार,पुरानी नगर पालिका के पास, गुलाब बाग, पुरानी सब्जी मंडी, ट्रक यूनियन आदि क्षेत्रों में धार्मिक लोगों ने जगह-जगह भट्टी चलबाकर पुआ, मंगोड़े, पकौडी तैयार कराकर लोगों को वितरित करते हुए। दान पुण्य का पर्व मनाया वही जयपुर कि तर्ज पर करौली शहर के बच्चों ने भी अपनी अपनी मकानो कि छतो पर चढ़कर पतंगबाजी की।

धमकी देने की शिकायत दर्ज

सपोटरा/करौली, (निं.सं.) उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान पत्रिका के पत्रकार देवेन्द्र सेहरा को कवरेज कर घर वापस लौटते समय गाली गलौच कर जान से मारने कि शिकायत पुलिस ने दर्ज कि है।

थानाधिकारी अनिल कुमार गौत्तम ने बताया कि सपोटरा के राजस्थान पत्रिका के पत्रकार देवेन्द्र कुमार सेहरा ने थाने मे उपस्थित होकर परिवाद सौपा है। जिसमे आरोप लगाया है कि लखन मीणा निवासी गोरेहार ने सरकारी विद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर गाडी रोककर गाली गलौच कर मोबाइल फोन छीन लिया। जहां पर पत्रकार ने आरोप लगया कि उन्होने वन विभाग मे प्लाटेशन के कार्य के श्रमिको के भुगतान को वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कि थी। जिसके उपरान्त लखन मीणा निवासी गोरेहार ने रास्ते मे रोककर धमकी दी है जिसे लेकर के पुलिस ने परिवाद दर्ज कर प्रकरण कि जांच शुरू कर दी है।

विधायक के आवास पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

करौली । राज्य सरकार द्रारा नवसृजित ग्राम पंचायतें,जिला परिषद व पंचायत समिति बनाने कि घोषणा के बाद पुनः रीठौली को नवगठित ग्राम पंचायत बनाने कि मांग जोर पकडने लगी ठाम पंचायत बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान सैकड़ों गामीणो ने रात 8:00 बजे क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह के आवास पर पहुंच कर रीठौली को नवगठित ठाम पंचायत बनवाने को ज्ञापन दिया।

ग्राम पंचायत बनाओ संघर्ष समिति के महेंद्र शर्मा,पूर्व सरपंच पप्पू राम, दिनेश ठेकेदार ने बताया कि नवगठित ग्राम पंचायत बनाने कि मांग को लेकर गत 1995 के बाद से 25 साल से लगातार पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव मे मतदान का बहिष्कार कर रहे है। 25 साल से ग्राम पंचायत बनाओ संघर्ष समिति एवं ठामीणों द्रारा ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। लेकिन पूर्व में जिला प्रशासन व राज्य सरकारों ने गंभीरता से नही लिया। निवर्तमान गहलोत सरकार द्रारा नवसृजित ठाम पंचायतों का गठन किया।रीठौली के ठामीणों ने जिला प्रशासन को ठाम पंचायत बनाने के लिये उपखंड स्तर पर प्रस्ताव भिजवाये। राजनैतिक अनदेखी के चलते गांव को ठाम पंचायत बनाने की मांग को नजर अंदाज किया। इस मामले को पुनःरीठौली को नवगठित ठाम पंचायत बनाने का जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना व उपजिला कलेक्टर हेमराज गुर्जर ज्ञापन दिया है। जिले के दौरे पर आये गृह राजमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेडम को ज्ञापन दिया। सोमवार को रात 8:00 बजे ग्राम पंचायत बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान मे सैकड़ों ग्रामीणों ने क्षैत्रीय विधायक दर्शन सिंह के आवास पर पहुंच कर रीठौली को नवगठित ग्राम पंचायत बनवाने को लेकर ज्ञापन दिया हैं।

गणतंत्र दिवस पर अनुपस्थित रहने पर होगी कार्यवाही

रूपवास । कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित पंचायत समिति वीसी रूम में एसडीएम विष्णु बंसल ने मंगलवार को उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के निर्देश दिए।

साथ ही एसडीएम ने अधिशाषी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी राजकीय भवनों एवं कस्बे के मुख्य स्थानों पर रोशनी कराने के निर्देश दिए। साथ एसडीएम विष्णु बंसल ने 26 जनवरी को सुबह 8 बजे समस्त संस्था व कार्यालयों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण करने व 9 बजे उपखण्ड स्तरीय मुख्य समारोह रामचरन लाल गोयल उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। इसके अलावा इस दौरान सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने,मिठाई वितरण की व्यवस्था को सही रखने,पेयजल व्यवस्था को मजबूत रखने,बैठक व्यवस्था को मजबूत करने,वीरांगनाओं को समारोह में आमंत्रित करने,उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान बिजली कट नही होने के निर्देश दिए। वहीं सुरक्षा

- **एसडीएम ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक ली**

व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन से भी अपेक्षित सहयोग करने की बात कही। साथ ही एसडीएम ने कहा कि 26 जनवरी पर उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में अगर कोई भी कार्मिक अनुपस्थित रहता है तो उक्त कार्मिक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। एसडीएम ने सीबीईओ को सभी कार्मिकों को इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। उपखण्ड स्तरीय समारोह के बाद 26 जनवरी को प्रशासन एकादश व पत्रकार संघ एकादश के मध्य दोपहर 1 बजे से मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सीओ नीरज भारद्वाज,तहसीलदार अमित शर्मा,सीडीपीओ राहुल पाराशर,संध्या सिंह प्राचार्य,थानाधिकारी लखन खटाना,कृषि अधिकारी हेतराम शर्मा,बीएसओ किरोड़ीलाल मीणा,डॉ नरेश मुदगल पशु विभाग,गोपाली मीणा,कैलाश चंद,देवेंद्र कटारा,यादवेंद्र सिंह,सचिन शर्मा,रामेश्वर सक्सेना आदि मौजूद थे।

सूरौठ से शारीरिक शिक्षक प्रांतीय अधिवेशन में जाएंगे

सूरौठ । राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन कृषि विभाग ऑडिटोरियम बम्बोर गेट टोंक में आयोजित होगा करौली के शारीरिक शिक्षक प्रांतीय अधिवेशन में जाएंगे सूरौठ शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई ।

राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा ने बताया कि 17 व 18 जनवरी को शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन टोंक में आयोजित किया जाएगा जिसमे करौली के शारीरिक शिक्षक स्वयं के वाहनों से टोंक प्रस्थान करेंगे , जिला शारीरिक शिक्षको की आज हुई बैठक में संघ के पदाधिकारियों को अलग अलग प्रभार देकर शारीरिक शिक्षको से संपर्क करने व अधिवेशन में चलने का निमंत्रण देकर दायित्व सौंपा गया।

दो दिनों तक होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षा नीति 2020 ,शिक्षा विभाग में स्टाफिंग पैटर्न, खेल मैदान व खिलाड़ियों का विकास, खेल मैदानों को बचाना, तृतीय श्रेणी के स्थानांतरण,

बैठक में राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन में जाने पर मनन किया ।

शारीरिक शिक्षा कैडर का दुरुस्तीकरण , प्रत्येक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति सहित ज्वलंत मुद्दों पर विचार मंथन कर राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा,गब्बर सिंह , विनोद मीणा, शारीरिक शिक्षक तेज सिंह रोत्रवाल, नीरज मीणा, राजेंद्र सेठी , देवेंद्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, केदार मीणा, राजेश मीना। सेठी, शशि कुमार जांगिड़, प्रदीप जांगिड़, राजीव मीणा, शूटिंग बॉल संघ के सचिव विश्राम मीणा ने अपने सुझाव व्यक्त किए और सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का विश्वास दिलाया ।